nt>
Title: Need to take steps to avoid earthquakes in Mumbai, Maharashtra.

श्री रामदास अठावले (मुम्बई उत्तर-मध्य) : महोदय, दुनिया के प्रसिद्ध वैज्ञानिक लोरेंडों सिंगर ने कुछ ही दिन पहले दिए गए इन्टरव्यू में बताया है कि मुम्बई शहर समुद्र तट पर होने की वजह से वहां भूकम्प आने की संभावना है। महाराष्ट्र भूकम्प का सैन्टर है और भारत में भी जगह-जगह भूकम्प आने की संभावना है। मेरा भारत सरकार से कहना है कि इस भूकम्प को टालने के लिए कोई-न-कोई उपाय करे, नहीं तो मुम्बई शहर, जिसकी आबादी एक करोड़ के लगभग है, भूकम्प से ग्रस्त हो जाएगा। सरकार इसकी जांच कराए।